आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.04.2026 समय : 02.10pm

मध्यप्रदेश टूरिज्म इन्फ्लुएंसर मीट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल वाराणसी में 'मध्यप्रदेश टूरिज्म इन्फ्लुएंसर मीट' का शुभारंभ करते हुए सोशल मीडिया को युवाओं की सबसे बड़ी ताकत बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी और उज्जैन के महाकाल लोक ने धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां दी हैं। इन्फ्लुएंसर्स से संवाद के दौरान डॉ. यादव ने उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश को विकास के पथ पर 'दो भाइयों की जोड़ी' बताया। उन्होंने आगामी 'सिंहस्थ 2028' का जिक्र करते हुए कहा कि उज्जैन में होने वाला यह महाकुंभ व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में नए वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

मंत्री–मंडलीय समिति

आबकारी विभाग के लिए गठित मंत्री–मंडलीय समिति की बैठक में 12 दौर की नीलामी प्रक्रिया के बाद शेष बची दुकानों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नीलामी के बाद शेष 489 दुकानों के संचालन के लिए आबकारी विभाग स्वयं एक निगम/मंडल गठित कर इन दुकानों के संचालन की संभावना पर विचार करेगा। मंत्री–मंडल समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर अमित राठौर और आयुक्त आबकारी दीपक कुमार सक्सेना मौजूद रहे।

कषि मेलाः रायसेन

प्रदेश के रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक राष्टीय स्तर का उन्नत कषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कषि मेले का उदघाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे, जबकि समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शामिल होंगे।

प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

राज्य सूचना आयुक्त

राज्य सरकार ने दो नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट, और सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार आलोक नागर को राज्य सूचना आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

जबलपुरः सीएमएचओ निलंबन

स्वास्थ्य विभाग ने जबलपुर के सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा को वित्तीय अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया है। उनके पास पास ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ का अतिरिक्त प्रभार भी था। जांच में खुलासा हुआ है कि स्टोर में सामान की खरीद–फरोख्त के दौरान सामान पहुंचा ही नहीं, लेकिन कागजों में 1 करोड़ रुपए से अधिक के बिल चढ़ा दिए गए। इनमें से 93 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, डीपीएम आदित्य तिवारी, जवाहर लोधी और नीरज कौरव को इस गंभीर वित्तीय अनियमितता का मुख्य जिम्मेदार माना है।

राज्यपाल दौरा

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज खंडवा और खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां जननायक टंटया भील की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यपाल खरगोन में एक अस्पताल में सिकल सेल यूनिट का लोकार्पण करेंगे और सिकल सेल

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, प्रदेश के मध्य हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है, जबकि दूसरी ऊपरी स्तर पर सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में दो चक्रवाती सिस्टम भी बने हुए हैं। आज जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में ओले–बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगर–मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल सहित 45 जिलों में आंधी, बारिश और गरज–चमक का दौर बना रह सकता है। नर्मदापुरम में जिले आज सुबह से बादल छाए रहे। यहां मौसम में पांच दिन से उतार चढ़ाव यानी तेज धूप, छांव की स्थिति बन रही है। सुबह कुछ समय तक बूंदाबांदी हुई। इसके बाद मौसम साफ होते ही चिलचिलाती धूप निकल आई।

<u>समाचार संक्षेप में :–</u>

- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आगरमालवा द्वारा जिले के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग एंड रिपेयर सर्विस का 30 दिवसीय निःशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 अप्रैल से शुरू होगा।
- नर्मदापुरम जिले की इटारसी कल मसीह समाज ने गुड फ्राइडे श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर की विभिन्न कलीसियाओं में विशेष आराधना सभाएं आयोजित की गईं। इवेंजलिकल लूथरन चर्च में मुख्य सभा का आयोजन हुआ।
- मध्यप्रदेश के खादय एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां संकल्प से समाधान शिविर समेत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।
- शिवपुरी जिले के पोहरी और बदरवास में दो स्थानों पर आगजनी की अलग–अलग घटनाओं में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पोहरी में आज सुबह एक होटल और दो दुकानों में आग लग जाने से यहां लाखों रुपए की सामग्री जल गई।